## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
## आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : **08.11.2025** प्रसारण समय : **19:20** बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बनारस रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को किया रवाना : कहा– विकसित भारत बनाने में 'मील का पत्थर' साबित होंगी यह ट्रेनें।
2. केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वाराणसी में तीन रेलवे स्टेशनों का किया निरीक्षण कहा– यात्री सुविधा विस्तार के लिए बनेगा मास्टर प्लान।
3. वाराणसी में अग्निवीर भर्ती रैली आज से हुई शुरू : 21 नवंबर तक चलने वाली भर्ती रैली में 12 जिलों के अभ्यर्थी कर रहे हैं प्रतिभाग।

**और**

4. प्रदेश में चार दिन नहीं होंगे सम्पत्ति रजिस्ट्री के काम : आज से 11 नवंबर के बीच ऑनलाइन पोर्टल के क्लाउड सर्वर को बदलेगा स्टाम्प और पंजीयन विभाग।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन आज बनारस रेलवे स्टेशन से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें वाराणसी–खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री ने बनारस रेलवे स्टशन से रवाना किया, जबकि दिल्ली–फिरोजपुर, लखनऊ–सहारनपुर और एर्नाकुलम–बेंगलुरू वंदे भारत एक्सप्रेस को उन्होंने वर्चुअली झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत रेलगाडियां भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव रख रही हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने में यह ट्रेने 'मील का पत्थर' साबित होंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब देश में 160 से से अधिक वंदेभारत ट्रेनें संचालित हो रही है।

*आज देश के अलग–अलग हिस्सों में नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत हो रही है। काशी से खजुराहो वंदे भारत के अलावा फिरोजपुर–दिल्ली वंदे भारत लखनऊ–सहारनपुर वंदे भारत और एर्नाकुलम–बेंगलुरु वंदे भारत इसको भी हरी झंडी दिखाई गई है। इन चार नई ट्रेनों के साथ ही अब देश में 160 से ज्यादा नई वंदे भारत ट्रेनों का संचालन होने लगा है।*

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया भर के विकसित देशों में बुनियादी ढांचे के विकास ने उनके आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज

उत्तर प्रदेश के विकास ने पर्यटन के अधिक अवसर खोले हैं। उन्होंने कहा कि आज काशी में बुनियादी ढांचे का विकास तेज़ी से हो रहा है।

*बीते 11 वर्षों में, यूपी में हुए विकास कार्यों ने तीर्थाटन को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है। पिछले साल बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए 11 करोड़ श्रद्धालु काशी आए थे। अयोध्या में 6 करोड़ से ज्यादा लोग रामलला के दर्शन कर चुके हैं। अब बनारस के सैकड़ों नौजवान, अब ट्रांसपोर्ट से लेकर बनारसी साड़ियों तक, हर एक चीज में नए–नए व्यापारों को शुरू कर रहे हैं।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि वाराणसी में रोपवे का काम तेज़ी से चल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि महामना कैंसर अस्पताल और शंकर नेत्रालय अस्पताल मरीजों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं।

*हमारी सरकार का प्रयास काशी में स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार का भी है। महामना कैंसर अस्पताल, शंकर नेत्रालय, बीएचयू में बना अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर, ये सारे अस्पताल आज काशी, पूर्वांचल समेत आसपास के राज्यों के लिए भी वरदान बने हैं। इन अस्पतालों में आयुष्मान भारत और जनऔषधि केंद्र की वजह से आज गरीबों को लाखों लोगों के करोड़ों रुपयों की बचत हो पा रही है।*

प्रधानमंत्री ने इस दौरान वाराणसी–खजुराहो वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन में सवार बच्चों से संवाद भी किया।

इससे पूर्व प्रधानमंत्री का बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई चार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात उत्तर प्रदेश को मिली हैं। इनमें वाराणसी–खजुराहो वंदे भारत

एक्सप्रेस ट्रेन वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट समेत प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ेगी। इससे क्षेत्र में पर्यटन और धार्मिक दर्शन को बढ़ावा मिलेगा। आज प्रयागराज, चित्रकूट और खजुराहो पहुंचने पर इस ट्रेन का भव्य स्वागत किया गया। वहीं लखनऊ–सहारनपुर वंदे भारत ट्रेन 7 घंटे 45 मिनट में यात्रा पूरी करेगी। यह ट्रेन लखनऊ से सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर, होते हुए सहारनपुर पहुंचेगी। लखनऊ जंक्शन पर लखनऊ–सहारनपुर वंदेभारत ट्रेन की रवानगी कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

———————

बनारस–खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के उद्घाटन समारोह में भाग लेने वाराणसी आये केन्द्रीय रेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज बनारस स्टेशन, वाराणसी कैंट, और काशी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि तीनों स्टेशनों को मिलाकर मास्टर प्लान बनाया जायेगा जिसमें यात्रियों की सुविधाओं पर विशेष फोकस होगा। श्री वैष्णव ने कहा कि मौजूदा समय में वाराणसी के विभिन्न रेलवे स्टेशन से करीब 150 गाड़ियां गुज़रती हैं। आने वाले दिनों में इनकी संख्या बढाई जाएगी। श्री बाइट...

*आज करीब 150 गाड़ियां वाराणसी शहर के विभिन्न स्टेशंस पर आती है। कैसे इसको 400–500 की तरफ बढ़ाया जाए जिससे कि आगामी वर्षों में ज्यादा से ज्यादा गाड़ियां चला सके। ज्यादा से ज्यादा लोग जो आना चाहते हैं, काशी में जो हमारा बहुत ही बड़ी समृद्ध आध्यात्मिक संस्कृति है, उसके लिए आना चाहते हैं तो कैसे हम कैपेसिटी बढ़ाएं? इस पर पूरी विस्तृत चर्चा हुई फील्ड में जाकर बनारस स्टेशन, काशी स्टेशन और वाराणसी कैंट स्टेशन।*

श्री वैष्णव ने बरेका का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार और महाप्रबंधक बरेका सोमेश कुमार मौजूद रहे।

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उत्तराखण्ड राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर उत्तराखण्ड के लोगों के सुख, शांति, समृद्धि एवं सतत प्रगति की कामना करते हुए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड अपने प्राकृतिक सौन्दर्य, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जीवंत लोक परम्पराओं एवं जनजीवन की सादगी के लिए पूरे भारत वर्ष में एक विशिष्ट पहचान रखता है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के लोगों की परिश्रमशीलता, अनुशासन, समर्पण एवं राष्ट्रभक्ति प्रेरणादायी है।

——————————

वाराणसी के छावनी स्थित रणबांकुरे मैदान में आज कडो सुरक्षा के बीच भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली की शुरूआत हुई। सेना भर्ती कार्यालय की ओर से आयोजित यह रैली 21 नवंबर तक चलेगी। सेना भर्ती

कार्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि इस भर्ती रैली में 12 जिलों आजमगढ़, बलिया, चन्दौली, देवरिया, गाजीपुर, गोरखपुर, जौनपुर, मऊ, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र और वाराणसी के अभ्यर्थी शामिल हैं। पहले दिन आज क्लर्क/ट्रेडमैन पद के लिए एक हजार 28 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 844 अभ्यर्थियों ने दौड़ मे भाग लिया। कल 9 नवम्बर को टेक्निकल पदों और शेष बचे क्लर्क पद के लिए एक हजार 30 अभ्यर्थी भर्ती रैली में शामिल होंगे। 10 नवम्बर को केवल टेक्निकल पदों के लिए और आखिरी चरण में 11 नवम्बर से 21 नवम्बर तक जनरल ड्यूटी पदों के लिए भर्ती की जायेगी।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है।

इसी कड़ी में आज हम बात रहे हैं। कि रियल एस्टेट क्षेत्र में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार नागरिकों की किस प्रकार मदद कर रहे हैं।

*अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने आवास सामग्री और सेवाओं पर कर में कमी करके आवास और निर्माण क्षेत्र को महत्वपूर्ण राहत प्रदान की है। नए सुधार के साथ, सीमेंट पर कर की दर पहले के 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। इस फैसले से भवन निर्माण की लागत में कमी आई है और घर खरीदारों और डेवलपर्स पर वित्तीय बोझ कम हुआ है। इसके अलावा, संगमरमर और ग्रेनाइट ब्लॉकों पर अब 12 प्रतिशत की बजाय केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जिससे फर्श और फिनिशिंग की लागत कम हो जाएगी। इसी प्रकार, रेत–चूने की ईंटों पर कर भी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। संशोधित ढांचे के अंतर्गत यह युक्तिकरण न केवल निर्माण क्षेत्र में एमएसएमई को मजबूत कर रहा है और रोजगार पैदा कर रहा है।*

———————————

स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग आज से ग्यारह नवम्बर के बीच अपने ऑनलाइन पोर्टल के लिये क्लाउड सर्वर को बदलने जा रहा है। इस वजह से चार दिन तक प्रदेश भर के उप निबंधक कार्यालयों में सम्पत्ति रजिस्टी के कार्य नहीं होंगे।

———————————